हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 28 सितंबर 2025

13 एशिया के सबसे बड़े बापोड़ा जलघर में चलाया ...


14 बास्केट बॉल अंडर-14 में फरीदाबाद, अंडर-17 में...








### सरकारी एजेंसियों ने 23 सितम्बर को एमएसपी पर बाजरे की खरीद का किया था ऐलान

# मंडियों में लग गए बाजरे के ढेर खरीद उलझ गई कलर के फेर में

**गुणवत्ता का बहाना बनाकर खरीदने से बच रही एजेंसियां**

## सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई तो 29 से आढ़ती मंडी में नहीं उतरवाएंगे बाजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नाच ना जानै, आंगन टेढ़ा वाली कहावत बाजरा खरीदने वाली एजेंसियों पर स्टीक बैठ रही है। सरकारी एजेंसियों ने एमएसपी पर बाजरे की खरीद 23 सितम्बर से शुरू करने का ऐलान कर दिया। खरीद केंद्रों पर बाजरे की खरीद की सारी तैयारी पूरी भी कर ली, लेकिन जब बाजरा खरीदने की बात आई तो खरीद एजेंसियों ने बाजरे की गुणवता में कमी निकालना शुरू कर दिया।चार दिनों से बाजरे की गुणवत्ता में कमी (कलर सही नहीं) बताकर खरीद से परहेज कर रही हैं। हालांकि सरकारी एजेंसियों के दावे के बाद किसानों ने अपनी फसल निकालकर मंडियों में डाल ली, लेकिन अभी तक उनकी फसल का एक भी दाना नहीं खरीदा गया है। जिस वजह खरीद केंद्रों पर बाजरे के बड़े बड़े ढेर लगे है। बाजरे की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने के कारण किसानों को दिन रात अपनी फसल की रखवाली भी करनी पड़ रही है जिसके कारण खेत का काम प्रभावित हो रहा है।



### मंडियों में पैर रखने को जगह नहीं

हालात ये बने है कि मंडियों में पैर रखने के लायक भी जगह नहीं बची है। दूसरी तरफ बाजरे की सरकारी खरीद शुरू न होने से आढ़तियों व किसान नेताओं ने भी लंगोट कसना आरंभ कर दिया। आढ़तियों ने सरकारी खरीद शुरू न होने के विरोध में 29 सितम्बर से किसानों की बाजरे की फसल मंडियों में डलवाने का ऐलान कर दिया। वहीं किसान नेताओं का तर्क है कि अगर सोमवार को बाजरे की खरीद शुरू नहीं की गई तो वे 29 सितम्बर को अनाजमंडी के गेट पर ताला जड़कर लोहारू भिवानी मार्ग पर जाम लगाएंगे।

## बाजरे की सरकारी खरीद पर संकट, किसानों व आढ़तियों की बढ़ी चिंता

**भिवानी।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की सरकारी खरीद ना होने से किसानों के साथ-साथ भिवानी में आढ़तियों की भी परेशानी बढ़ गई है। शनिवार को नई अनाज मंडी के प्रधान भुरू बंसल की अध्यक्षता में आढ़तियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सरकार की नीतियों को लेकर नाराजगी जाहिर की गई। बैठक में आढ़तियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार 29 सितंबर सोमवार तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद शुरू नहीं करती है, तो वे उसी दिन से मंडी में किसानों का बाजरा उतरने नहीं देंगे। नई अनाज मंडी प्रधान भुरू बंसल ने बताया कि पिछले 20 दिनों से नई अनाज मंडी में बाजरे की भारी आवक हो रही है। अब तक करीबन डेढ़ लाख कट्टों में लगभग 80 हजार क्विंटल बाजरा मंडी में जमा हो चुका है, लेकिन खरीद शुरू न होने के कारण यह अनाज खराब होने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि



**भिवानी।** आयोजित बैठक में रणनीति बनाते आढ़ती।

किसानों के सामने अगली फसल की बुवाई का समय है और उन्हें खाद, बीज व अन्य कृषि खर्चों के लिए पैसों की तत्काल जरूरत है। ऐसे में बाजरे की बिक्री ही उनकी आर्थिक जरूरतें पूरी करने का प्रमुख साधन है।

### बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**भिवानी।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की सरकारी खरीद में देरी को लेकर शनिवार को भिवानी में किसानों का गुस्सा भड़क गया है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) चंढूनी ने जल्द से जल्द सरकारी खरीद शुरू करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन का ऐलान किया है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 29 सितंबर सोमवार तक खरीद शुरू नहीं होती, तो किसान भिवानी अनाज मंडी के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर सड़क जाम करेंगे। भाकियूचंढूनी के भिवानी जिला अध्यक्ष राकेश आर्य के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने भिवानी के जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक और अनाज मंडी के अधिकारी योगेश शर्मा से मुलाकात की।



**बाढड़ा।** अनाजमंडी का निरीक्षण करते एसडीएम।

## एसडीएम ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण एवं किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनीं

**बाढड़ा।** उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) आशीष सांगवान ने शनिवार को कस्बे की अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था, किसानों की सुविधाओं और आढ़तियों के कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। एसडीएम ने मंडी परिसर में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने और किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आने देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडी में आवश्यक मर मत कार्य और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेगा और मंडी व्यवस्था को दुरुस्त करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

**बाजरे के नमूने हुए फेल:** मंडी सुपरवाइजर जयप्रकाश ने बताया कि एसडीएम साहब ने बताया कि बाजरे के नमूने जो जांच के लिए भेजे थे वह फैल हो गए है उन्होंने बताया कि इस बार बरसात ज्यादा होने के कारण बाजरा काला हो गया है जिसके कारण जांच के लिए भेजे गए नमूने फैल हो गए।

### पंजीकरण वैरिफाई नहीं हुआ, गेटपास अटके

अनाज मंडी सुपरवाइजर जयप्रकाश ने बताया कि अब तक 39 किसानों के गेटपास जारी किए गए है जो 686 क्विंटल बाजरा है वहीं अब तक अनाज मंडी में करीब छह हजार क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। अब तक बाजरे की सरकारी खरीद नहीं हुई है। किसानों के मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण वैरिफाई नहीं होने के कारण किसानों के गेटपास जारी नहीं हो रहे है

## खबर संक्षेप

### गांव सांवड में कल होगा रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**चरखीदादरी।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल और पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी 30 सितंबर की जगह 29 सितंबर को सांवड गांव में रात्रि ठहराव करेंगे। इस दौरान गांव की समस्याओं को सुना जाएगा और

### गांव गोपालवास में रक्तदान शिविर आज

**बाढ़ड़ा।** शहीद भगत सिंह की जयंती पर रविवार को गोपालवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुमित ढिल्लों ने बताया कि शांति युवा क्लब द्वारा रविवार को गांव के सरकारी स्कूल में एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### सांस्कृतिक सदन में लोक कला उत्सव 4 अक्टूबर से

**भिवानी।** सांस्कृतिक मंच के सहयोग से उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज व कला एवं संस्कृति कार्यविभाग हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आगामी चार अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक लोक कला उत्सव कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों की लोक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। जगत नारायण भारद्वाज ने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम सांस्कृतिक मंच के संरक्षक डॉक्टर धर्मबीर ढिल्लों के सानिध्य में होगा।

आयोजन में चार अक्टूबर को राजस्थानी लोक नृत्य और गायन के लिए अंतरराष्ट्रीय कलाकार मीना सपेरा अपने दल के साथ, पांच को पंडित लखमीचंद के सुपौत्र विष्णुदत्त कौशिक का बेड़ा शाही लकड़हारा सांग का मंचन, छह को उत्तर प्रदेश की नौटंकी चंदा बेड़ुनी का मंचन रसरंग फाउंडेशन कानपुर की टीम जिसके निदेशक नीरज कुशवाहा और सात अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती और शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मथुरा के रामकिशोर दीक्षित द्वारा मंचित रासलीला की जाएगी।

## पुलिसकर्मी का व्हाट्सएप हैक कर ऑनलाइन लोन लेकर डेढ़ लाख निकालने वाले दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

साइबर क्राइम पुलिस ने पुलिस कर्मचारी के व्हाट्सएप को हैक करके ऑनलाइन लोन लेकर बैंक खाते से 1.50 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 13 सितंबर को झज्जर जिले के गांव खेड़ा थरू निवासी अजीत सिंह ने शिकायत में बताया कि वह दादरी जिले में हरियाणा पुलिस विभाग में कार्यरत है और उनका एचडीएफसी बैंक कोसली में अकाउंट है, जो उनके मोबाइल नम्बर और व्हाट्सएप से लिंक है। उन्होंने बताया कि फोन पे का यूपीआई आईडी ब्लॉक होने पर 12 सितंबर को वह बैंक शाखा में गया था, तब उसे पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका व्हाट्सएप हैक कर 70 हजार रुपये और दूसरी बार 97 हजार रुपये का ऑनलाइन लोन करवा लिया तथा उनके बैंक खाते से 1.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु की। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता अजीत के बैंक खाते से पंजाब नेशनल बैंक में 50 हजार, इंडियन ओवरसीज बैंक खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर हुए हैं, जो पीएनबी व इंडियन ओवरसीज बैंक के दोनों खाते उत्तर प्रदेश के फतेहपुर निवासी मधुप कुमार द्विवेदी के नाम से खुले हुए हैं। पुलिस ने आरोपी मधुप कुमार द्विवेदी को उसके गांव हिम्मतपुर से गिरफ्तार किया।

### आरोपी को रिमांड पर लिया

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने वारदात को धीरू सिंह व विपिन यादव के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। आज तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।




**नहरी पानी आधारित कृषि सिस्टम के लिए बड़ा झटका**

# लोहारू डिवीजन को भिवानी मुख्यालय स्थानांतरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग ने विशेष पत्र जारी कर लोहारू जल सेवाएं मंडल की शक्तियों को वापस लेते हुए स्टाफ को एक अक्टूबर से भिवानी मुख्यालय पर काम करने का आदेश दिया है जिससे कृषि क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है और इसे कृषि व पेयजल क्षेत्र में पानी की आपूर्ति में कमी की आशंका को लेकर किसानों व कर्मचारियों में रोष फैल गया है। भाजपा सरकार द्वारा दक्षिणी हरियाणा की नहर के टेल तक पानी पहुंचाने वाली बहुउद्देशीय योजना पर ग्रहण लगने से किसानों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल के मांगपत्र पर वर्ष 2020 मे भाजपा सरकार के भिवानी चरखी दादरी दोनों जिलों का नियंत्रण लोहारू डिवीजन को देकर टेल तक पानी पहुंचाने के फैसले को प्रदेश कैबिनेट द्वारा बदल कर दोबारा सारी शक्तियां भिवानी मुख्य कार्यालय को सौंप दी हैं जिससे कृषि, घरेलू पेयजल आपूर्ति सिस्टम भी लडखड़ाएगा। अधीक्षक अभियंता लोहारू जल सेवाएं मंडल भिवानी के कार्यालय 25 सितंबर को जारी पत्र में आदेश दिया गया है कि सरकार सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लोहारू विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी 42 एन.ओ. चैनल पुनः अपनी मूल संरचना में बहाल किए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ने लोहारू डिवीजन का दर्जा खत्म कर भिवानी से अटैच कर दिया है। बाढडा उपमंडल के चालीस व लोहारू क्षेत्र के साठ गांव के नहरी पानी आपूर्ति पर ग्रहण लगने की संभावना से किसानों के लिए बड़ा झटका माना जाता है।



**बाढड़ा।** लोहारू डिवीजन को खत्म करने पर नारेबाजी करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने की नारेबाजी

बाढड़ा में धरनारत किसानों ने सरकार व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसान नेता रणधीर सिंह कुंगड़, किसान सभा अध्यक्ष मास्टर रघवीर श्योराण, अध्यक्ष नसीबसिंह कारीमोद, श्रमिक नेता रोशन लाल धारणी, नरेश कादयान, भूपसिंह दलाल, महिपाल कारीदास, पारस, होशियार सिंह पचगांव, पूर्व चेयरमैन सुरेश मान, सत्य प्रकाश जेवली, पीटीआई धर्मपाल बाढडा, रामपाल सिंह, ब्रह्मपाल, रणधीर, हवा सिंह, प्रताप सिंह, रमेश कुमार भांभू, ओमप्रकाश नंबरदार चरखी, महावीर, प्राचार्य हवा सिंह, प्रताप सिंह हंसावास, जयवीर नांधा, सतबीर भांडवा, जोरा सिंह इत्यादि कहा कि इस फैसलें से लोहारू डिवीजन की सभी शक्तियों को छीनकर सारी पावर भिवानी अधीक्षक अभियंता कार्यालय को सौंप दी है।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया

▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

**निवेश मंत्रा**

**बिजनेस डेस्क**

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

## क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

## 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

## रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।



## हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

## किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

## क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

## स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

**अलर्ट**

**विनोद कौशिक**

■ बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
■ अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
■ कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
■ त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

## बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

## कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

## स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

● कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न ● अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें
● एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो ● जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई
● फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

**तैयारी**

**बिजनेस डेस्क**

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना जरूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

## म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

## डिजिटल गोल्ड–सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।




## कहां निवेश करें?

▶▶ फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।
▶▶ पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)–गारंटीड रिटर्न
▶▶ लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

## यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

## कैसे करें निवेश?

▶▶ बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।
▶▶ पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें
▶▶ पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए आप उन लोगों या छोटे बिजनेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।
▶▶ आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है।

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।

**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति


**समझदारी**

**सुश्री विद्या अय्यर**

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

## एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



## एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

## विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मज़बूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

## क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

## एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

## एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

## एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

**1. रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।

**2. जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।

**3. वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

## खबर संक्षेप


भिवानी। छात्राओं को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### प्रश्नोत्तरी में मुस्कान व पायल की टीम प्रथम

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राइट टू नो डे पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश अनुसार विधिक साक्षरता सेल द्वारा आयोजित किया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि भारत में सूचना का अधिकार एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जाता है।

### देश 'वोट चोरी' के विकट दौर से गुजर रहाः दलीप

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह चौक पर 22 अगस्त से शुरू किया 'वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन' 36वें दिन निरंतर जारी रहा। प्रदर्शन का संचालन हरपाल ने किया एवं सोमवीर शेषमा, उमेद सिंह घनघस, बलबीर सिंह, जयनारायण सहित अन्य प्रदर्शनकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन हर रोज शाम को छह बजे से साढ़े सात बजे तक राहुल गांधी द्वारा उठाई वोट अधिकार की आवाज के अनुरूप एवं देश में चोरी होते वोटों बाबत जनचेतना के लिए किया जाता है। मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने प्रदर्शन में भागीदारी करते हुए बताया कि देश वोट चोरी के विकट दौर से गुजर रहा है।

### रामायण के मंचन में सीताहरण का प्रसंग दिखाया

**बहल।** कस्बे की कृष्ण वाटिका में रामलीला नाट्य कला केन्द्र द्वारा की जा रही रामलीला के सातवें दिन सीताहरण का प्रसंग दिखाया गया। कलाकारों ने सीता और लक्ष्मण के साथ भगवान श्री राम के चित्रकूट से प्रस्थान से लेकर सबरी के मिलने तक का जीवंत अभिनय किया। रावण के मामा मारीच का स्वर्ण मृग भेष में पंचवटी में जाना और जटायु- रावण युद्ध ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया।

### नशा समाज के लिए धातकः महंत राजेंद्र दास

**चरखी दादी।** गांव माजरा में दीवाला तीर्थ स्थान से नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत एक साइकिल रैली निकाली, जिसमें संतों ने युवाओं को नशा के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। रैली का नेतृत्व स्वीटी मलिक, सोनू पहलवान, सुरेंद्र पहलवान व संघ प्रचारक पवन ने किया। इस मौके पर नशे को न, जिंदगी को हां' का नारा लगाते हुए हर गली मोहल्ले में दस्तक दी गई। जटेला धाम में पहुंचकर आश्रम में नशा मुक्ति सभा का आयोजन किया, जिसे संबोधित करते हुए महंत राजेंद्र दास ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का जीवन बिगाड़ देता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत इंसान से उसकी सोचने-समझने की शक्ति छीन लेती है और धीरे-धीरे उसे बीमारी, गरीबी और अपमान की ओर धकेल देती है।

---

### कर्मचारियों ने परिसर में पेड़ों की टहनियों, सिंगल-यूज प्लास्टिक व कचरे को किया साफ

# एशिया के सबसे बड़े बापोड़ा जलघर में चलाया विशेष सफाई अभियान

## जब हमारा आसपास साफ होगा, तभी हमारा तन एवं मन स्वस्थ रहेगाः जेई बिजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत एशिया के सबसे बड़े बापोड़ा जलघर में विशेष सफाई अभियान चलाया। अभियान जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल-1, भिवानी के अंतर्गत आता है। इस पहल का नेतृत्व जूनियर इंजीनियर बिजेश कुमार जावला ने किया, जिसमें जलघर के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य जलघर परिसर को स्वच्छ बनाना था।


बापोड़ा। जलघर परिसर में साफ सफाई करते जेई बिजेश जावला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### स्वच्छता सिर्फ सरकारी अभियान नहीं, बल्कि ये हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए

यह प्रयास स्वच्छता के प्रति सरकारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और इसे जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देता है। अभियान के दौरान जेई जावला ने अपने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी अभियान नहीं, बल्कि ये हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चले, लेकिन हमें इसे सालभर जारी रखना चाहिए। जावला ने समझाया कि स्वच्छ वातावरण के बिना कोई भी कार्य सुचारू रूप से नहीं हो सकता। जब हमारा आसपास साफ होगा, तभी हमारा तन और मन स्वस्थ रहेगा और हम किसी भी काम में पूरी तरह से ध्यान लगा पाएंगे। उन्होंने सभी से अपने घर, दफ्तर, और आस-पड़ोस को स्वच्छ रखने का आग्रह किया।

### खास अवसर को यादगार बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे जरूर लगाएं

जावला ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने और अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन, शादी की सालगिरह, या किसी भी अन्य खास अवसर को यादगार बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं। यह पहल ना सिर्फ हरियाली को बढ़ावा देगी बल्कि प्रदूषण को कम करने में भी सहायक होगी। सफाई अभियान में राजेंद्र तनेजा, कृष्ण कुमार, प्रदीप, हरीश शर्मा, वीरेंद्र, सचिन शेखावत, हरि कुमार, पुष्कर दत्त, संजय, विजय, मदन, राहुल, प्रवीण और नवीन सहित कई कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

---

## स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की दिलवाई शपथ

### स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर किया आमजन को जागरूक

- सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम जागरूकता : डॉ. संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विश्व में सबसे ज्यादा मौतें रोड एक्सीडेंट के कारण होती है, इनसे बचाव का सबसे सशक्त माध्यम जागरूकता है। हम सबको यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहकर आमजन को भी जागरूक करना चाहिए, तभी अनमोल जीवन बच सकता है, ये बात वैश्य महाविद्यालय के एनएसएस के सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली के शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही। अभियान में सर्वप्रथम स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई गई। इसके पश्चात जीवन की रक्षा होगी, तभी रक्षाबंधन का त्योहार होगा नारे के साथ जागरूकता रैली घंटाघर चौक, हांसी चौक, रेस्ट हाउस, बीटीएम चौक होती हुई वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई।


भिवानी। सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

### सड़क सुरक्षा जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा

मुख्य चौराहों पर स्वयंसेवकों ने आमजन को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहनलाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम सभ्य जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, ये महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक नागरिक, सरकार द्वारा तय नियमों को जानता हो और उनका पालन करता हो। इस बारे में बच्चों और किशोरों को भी देश में सड़क नियमों के बारे में शिक्षित और जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कॉमना कौशिक ने स्वयंसेवकों को सजग रहने की बात कही।

---

## गांधी जयंती को लेकर करवाई पेंटिंग प्रतियोगिता


चरखी दादरी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**चरखी दादरी।** सुभाष चौक स्थित नेहरू हाई स्कूल में शनिवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पेंटिंग प्रतियोगिता की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक जिलेसिंह यादव ने की। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका यादव की देखरेख में हुआ। उन्होंने प्रतिभागियों को पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान कर बच्चों का हौंसला बढ़ाया। प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी की जयंती मनाने के लिए किया। प्रतियोगिता के साथ-साथ नप अधिकारियों ने बच्चों को जागरूक करने के लिए सेवा पखवाड़ा चलाया। नगर परिषद आईसीटी सीमा देवी ने विद्यार्थियों की पेंटिंग की सराहना की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि गांधी जयंती मनाने का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब हम अपने आसपास को साफ व स्वच्छ रखेंगे।

## गांव टिकाणकलां में सार्वजनिक स्थानों पर की साफ सफाई

**चरखी दादरी।** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के दौरान उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल व जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. विरेंद्र के निर्देशानुसार इन दिनों विभिन्न जगहों पर गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। खंड विकास पंचायत अधिकारी अंकित कुमार तथा कार्यवाहक समाज शिक्षा पंचायत अधिकारी विकास राणा के मार्गदर्शन में गांव टिकाणकलां में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरपंच प्रवीन व ग्राम सचिव श्वेता कुंडु ने स्वच्छता अभियान की कमान संभालते हुए गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई की। इसके साथ ही सभी को इस दिशा में आगे आने के लिए जागरूक किया। विकास राणा ने बताया कि हम सभी को अपने नजदीक के सार्वजनिक स्थानों पर अवश्य ही सफाई व्यवस्था को सुचारू करने में योगदान देना चाहिए। सफाईकर्मी अपना काम करेंगे, लेकिन उनके साथ हमारा भी प्रयास हो कि ऐसे स्थानों पर कूड़ा कचरा न फैलाया जाए।


भिवानी। टिकाणकलां में सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

---

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से सफल हुआ देवीलाल जयंती कार्यक्रम

- देवीलाल का जीवन लोगों के लिए था समर्पित


अशोक ढाणी माहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रोहतक में आयोजित पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने पर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने कार्यकर्ताओं व आमजन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से भारी तादाद में पहुंचकर लोगों ने यह साबित कर दिया कि आज भी वे स्व. चौ. देवीलाल की विचारधारा व इनेलो की नीतियों से गहराई से प्रभावित हैं। ढ़ाणीमाहु ने बताया कि देवीलाल जी ने अपने राजनीतिक जीवन में किसानों, मजदूरों, आमजन और गरीब तबके के उत्थान के लिए जो बीज बोए थे, आज वे एक विशाल वटवृक्ष बन चुके हैं।

### भिवानी इनेलो की रीढ़

चौधरी देविलाल की जयंती पर आयोजित हर कार्यक्रम में लोगों का जोश और विश्वास साफ दिखाई देता है। उन्होंने विशेष तौर पर भिवानी जिले का जिक्र करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। भिवानी जिला इनेलो की रीढ़ है। यहां का हर कार्यकर्ता पार्टी की ताकत है और जिस समर्पण से उन्होंने इस राज्य स्तरीय आयोजन में भागीदारी निभाई, वह काबिल-ए-तारीफ है। इनेलो जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस जनसमूह ने सरकार और विपक्ष को स्पष्ट संदेश दिया है कि चौधरी देवीलाल की सोच और सिद्धांत आज भी जनमानस के दिलों में जीवित हैं। इनेलो चौ. देवीलाल द्वारा बताए गए रास्ते पर चलते हुए किसानों और आम जनता के हक की लड़ाई हमेशा लड़ती रहेगी। ढ़ाणीमाहु ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों से अपील की कि वे इसी जोश और समर्पण के साथ पार्टी को मजबूत करने के लिए आगे भी कार्य करते रहें, ताकि आने वाले समय में इनेलो फिर से प्रदेश की सत्ता में मजबूती से अपनी भूमिका निभा सके।

## मौलिक अधिकारों की रक्षा समय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादी

उच्च न्यायालय पंजाब एंड हरियाणा के दिशा निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में महिला उत्पीड़न, महिला घरेलू हिंसा, चाइल्ड मैरिज एक्ट, बाल विवाह निषेध पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार की अध्यक्षता में यौन उत्पीड़न कार्यशाला हुई। कार्यशाला में जिला प्रशासन की सभी शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी, समाज कल्याण विभाग, चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी, आंगनबाड़ी, पुलिस अधिकारी एवं पैनल अधिवक्ता शामिल हुए। प्राधिकरण के चेयरमैन जिला सत्र न्यायाधीश ने सभागार में उपस्थित विभागों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान मौलिक अधिकारों को प्रदान करता है और उन सभी प्रकार के अधिकारों से संबंधित है जो एक नागरिक को प्राप्त होते हैं। नागरिक में पुरुष और महिला दोनों ही शामिल हैं।



प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते वक्ता।

### यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता जरूरी

कामकाजी महिलाओं के मौलिक अधिकारों में अक्सर कटौती की जाती है और उनका उल्लंघन किया जाता है। लैंगिक न्याय पर बढ़ती जागरूकता और अवधारणा के साथ इस तरह के उल्लंघन के खिलाफ उन्हें बचाने के प्रयास में वृद्धि हुई है। यौन उत्पीड़न की घटनाओं के प्रति नाराजगी भी बढ़ती जा रही है, ऐसे कई खतरे हैं जिसे कामकाजी महिलाएं प्रभावित होती है और कामकाजी महिलाओं के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना समय की मांग है। न्यायाधीश ने कहा कि यौन उत्पीड़न को निम्न प्रकार के अवांछित यौन निर्धारित व्यवहार में शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है।


बहल। खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**बहल।** पंचकूला में आयोजित हरियाणा राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ 2025 में बहल क्षेत्र की छात्राओं की वालीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि से क्षेत्र में उत्साह और गर्व की लहर है। कोच घमंडीलाल ने बताया कि छात्राओं ने महाकुंभ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया है जो किसी भी ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए गौरव की बात है। विजेता छात्राओं में चैहड़ कलां की प्रमिला, ऋतु, दिशा, अंजू, चैहड़ खुर्द गांव की रिंकू, बिठन गांव की सरिता, प्रीति, सेरला गांव की रविना व बरालू गांव की लक्ष्मी शामिल है। इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को मात देते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रतियोगिता में गोल्ड हासिल किया। खास बात यह है कि इन इन महिला खिलाड़ियों को तराशने का बीड़ा कोच घमंडीलाल ने उठाया था जो सेवानिवृति के बाद से ही बिना किसी शुल्क के निशुल्क कोचिंग देकर उनको सफलता के शिखर तक पहुंचाया है।

### सेवा पखवाड़ा के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में हड़ौदी स्कूल में पौधरोपण

**बाढड़ा।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हड़ौदी में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार और उल्लास कोऑर्डिनेटर हरपाल आर्य विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय प्रभारी सुचित्रा के मार्गदर्शन में शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामवासियों ने मिलकर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। पौधरोपण के अवसर पर जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार ने कहा कि वृक्ष जीवन के आधार हैं। वे हमें प्राणवायु, फल, छाया और हरियाली प्रदान करते हैं।

### भजन मंडली ने अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने कहा कि सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महा निदेशक केएम पांडुरंग के निर्देश पर डीसी साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में उपमंडल में ग्रामीणों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश नाटक मंडली द्वारा दिया जा रहा है। रवि मीणा ने कहा कि सेवा पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छता की जोत जला कर लोगों को साफ सफाई और पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीआईपीआरओ सुरेन्द्र सिंगल ने बताया कि गत शुक्रवार सायं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की नाटक मंडली ने गांव संडवा के लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। विभाग की नाटक मंडली द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को जागरूक करते बताया गया कि सरकार द्वारा गत 17 सितम्बर से आगामी 02 अक्तूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सभी लोग अपने घरों और गांव में सफाई अभियान चलाएं। नाटक मंडली ने सेवा संबंधी प्रतिज्ञा प्रस्तुत कर सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। समाज सेवा से नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करता है।

---

### बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ सेवाभाव से भी जोड़ती फर्स्ट एड

## नर्सिंग प्रशिक्षण में राजकीय विद्यालयों के 400 छात्रो ने लिया भाग

- प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार के लिए तैयार करना हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

समाजसेवा के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से भिवानी में एक अनूठा और महत्वपूर्ण प्रशिक्षण अभियान संपन्न हुआ। सेंट जॉन एंबुलेंस (इंडिया) हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सहयोग निर्देशानुसार रेडक्रॉस ने राजकीय स्कूलों के 400 विद्यार्थियों को चार दिवसीय फर्स्ट एड और होम नर्सिंग प्रशिक्षण का सफल समापन हो गया। यह पहल उपायुक्त और रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में हुई, जिसका उद्देश्य युवाओं को आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार देने को तैयार करना हैं।


छात्राओं को फर्स्ट एड और होम नर्सिंग का प्रशिक्षण देते विकास कुमार व अन्य।

### छात्रों को प्राथमिक उपचार की दी जानकारीः प्रदीप

रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भिवानी जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में हुआ, जिनमें राजकीय उच्च विद्यालय उमरावत, राजकीय उच्च विद्यालय बडाला, राजकीय वमा विद्यालय बलियाली, राजकीय कन्या वमा विद्यालय बलियाली, राजकीय वमा विद्यालय सुई, राजकीय वमा विद्यालय हनुमान ढाणी, राजकीय उच्च विद्यालय ढाणी माहू, राजकीय उच्च विद्यालय ढांगकला, राजकीय वमा विद्यालय लोहर, राजकीय वमा विद्यालय बुडेढ़ा और राजकीय वमा विद्यालय बरदु चैना शामिल थे। रेडक्रॉस सचिव प्रदीप ने बताया कि प्रशिक्षण को रेडक्रॉस के जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार व उनकी टीम के अनुभवी प्रवक्ता मास्टर अजय कुमार, हरेंद्र सिंह, संजय, शालू, सीताराम, सतीश व नीरजा रानी ने संचालित किया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को चोट लगने, अस्थायी अवसाद, जलने, घावों की सफाई, और सांस संबंधी समस्याओं में प्राथमिक उपचार देने के तरीके सिखाए गए। इसके अलावा ब्लीडिंग रोकने और पुनर्जीवन जैसी महत्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीकों का भी अभ्यास करवाया। सचिव प्रदीप ने कहा कि रैडक्रॉस की इस पहल ने न सिर्फ विद्यार्थियों को जीवन रक्षक तकनीकों से लैस किया, बल्कि समाजसेवा एवं मानवता की ओर भी उनका नजरिया सकारात्मक बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### लाइफ स्किल्स वर्कशॉप का सफल आयोजन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में सी.बी.एस.ई. बोर्ड के निर्देशानुसार कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग के तहत शिक्षकों के लिए इन-हाउस लाइफ स्किल्स (एडवांस) प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को जीवन कौशल आधारित शिक्षा की बारीकियों से अवगत कराना और उसे कक्षा-कक्षीय शिक्षण में प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। वर्कशॉप से पूर्व विद्यालय में मासिक हवन यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ में वैदिक पुरोहित दुर्ग देव शास्त्री पधारे। उन्होंने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विधिवत अनुष्ठान कार्य संपन्न करवाया। तदुपरांत संगीताचार्य गोविंद प्रताप मिश्रा व आचार्य हरीश के सानिध्य में आचार्या रेखा ठाकुर के द्वारा नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में माता रानी की सुंदर भेंट की प्रस्तुति दी गई।


तोशाम। देव पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### देव पब्लिक स्कूल में कराई पेंटिंग प्रतियोगिता

**तोशाम।** शनिवार को क्षेत्र के गांव देवराला के देव पब्लिक स्कूल में सेवा पखवाड़ा के तहत विकसित भारत के संबंध में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमे भाग लेने वाले बच्चों को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कैरू के भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा ने बतौर अतिथि शिरकत की। इस दौरान सतीश वर्मा ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना विकसित भारत बनाने का हैं उसमें देश के भविष्य बच्चों का अहम योगदान रहने वाला है। इस दौरान गत 17 सितंबर से आगामी 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत केरू ब्लॉक के गांव सुंगरपुर, धारवानवास, ढागर, जुई में हेल्थ चैकअप कैम्प लगाए गए, जिसमें सभी गांव में ग्रामीणों ने सेवा का लाभ उठाया। वर्मा का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंत्योदय विजन अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का है वो हम सब मिलकर पूरा कर रहे है। इस अवसर पर कैरू मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा, संदीप तंवर जुई, जगमाल कृष्ण फौजी, अक्षय सारसर जुई, बिजेंद्र चेयरमैन, बिर सिंह जीतवानबास, सुरेश वर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 40 युवाओं ने किया रक्तदान

**बहल।** जिला पुलिस के महाअभियान सेवा पखवाडा के तत्वावधान में बहल पुलिस द्वारा कस्बे की परशुराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 युवाओं ने रक्तदान किया। शनिवार को आयोजित शिविर की अध्यक्षता थाना प्रभारी संजय कुमार ने की। कार्यक्रम में में बहल युवा एकता संगठन के प्रधान योगेश शर्मा की बेटी सिया को उसने जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी गई।

### पहाड़ी वाला मंदिर में मंगल पाठ का आयोजन

**बहल।** चौधरी परिवार बहल द्वारा 5 अक्टूबर को पहाड़ी वाला माता का द्वितीय मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। गोरखपुर के कलाकार रजत कृष्णा शर्मा द्वारा माता की महिमा का गुणगान कर मां के भक्तों में भक्तिभावना का संचार किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री राम व श्री श्याम मंदिर के पास चौधरी चौक में होगा।

### बलिदानी भगतसिंह की जयंती पर पौधरोपण किया

**बाढड़ा।** शहीद भगत सिंह युवा ट्रस्ट डोहका हरिया सदस्यों ने शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस पर गांव डोहका हरिया में गांव के तालाब के पास पौधरोपण किया। समाजसेवी सूरज ठेकेदार के नेतृत्व में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और फलदार, छायादार व औषधि के गुणकारी किस्मों के पौधे लगाए। समाजसेवी सूरज ठेकेदार ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए मार्गदर्शक थे।

### छात्राओं ने स्वच्छता फैलाने का लिया संकल्प

**बाढड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में सेवा पखवाड़ा के तहत दो दिवसीय स्वच्छता अभियान बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता और अभियान प्रभारी प्रोफेसर आनंद कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन छात्राओं को स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवनशैली सुधार पर जागरूक किया गया। महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। दूसरे दिन पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

## खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार: डॉ. दहिया

# बास्केट बॉल अंडर-14 में फरीदाबाद और अंडर-17 में रोहतक की टीम रही विजेता

- 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भीम स्टेडियम में तीन दिवसीय 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के युवा खिलाड़ियों ने क्रिकेट, बास्केट बॉल और एथलेटिक्स जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाषचंद्र भारद्वाज और प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बास्केट बॉल में अंडर-14 में फरीदाबाद, अंडर-17 में रोहतक व अंडर 19 आयुवर्ग में हिसार ने प्रथम स्थान जीतकर चैंपियन रही। प्रतियोगिता के दौरान युवा खिलाड़ियों ने न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि खेल भावना और अनुशासन का भी बेहतरीन परिचय दिया। बास्केटबॉल के नतीजे बेहद रोमांचक रहे, जिसमें कई टीमों ने कड़ी टक्कर दी। शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि बास्केट बॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 आयुवर्ग में फरीदाबाद ने प्रथम, रोहतक ने द्वितीय तथा पानीपत ने तृतीय स्थान जीता। वहीं अंडर-17 में रोहतक ने प्रथम, हिसार ने द्वितीय तथा पानीपत ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बास्केट बॉल अंडर 19 आयुवर्ग में हिसार ने पहला, सोनीपत ने दूसरा तथा रोहतक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पिंकू ने बताया कि आयोजन समिति में समन्वय अधिकारी सत्यवान कोच, श्रीभगवान, डॉ. अनिल कुमार आदि रहे।



भिवानी। खेल समन्वय अधिकारी कोच सत्यवान व अन्य के साथ बास्केटबॉल अंडर-17 लड़कों के वर्ग में विजेता रोहतक की टीम फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थी जीवन में खेल का बहुत महत्व

डीईओ डॉ. निर्मल दहिया ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि ये जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल का महत्व बहुत अधिक है, क्योंकि ये न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. दहिया ने बताया कि खेल हमें अनुशासन, नेतृत्व व टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम मैदान पर खेलते है तो हम सीखते हैं कि हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं।



भिवानी। अतिथियों के साथ खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### कोच ने खिलाड़ियों को बास्केट बॉल की बारीकियां एवं नई तकनीकें सिखाई

- युवाओं को खेल व स्वास्थ्य के महत्व से जोड़ने का सफल प्रयास था खेल आयोजन: भारद्वाज

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत खेल विभाग ने सरकार के निर्देसानुसार गांव धारेड़ू में खेल का आयोजन किया। भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री सुनील भारद्वाज ने खेल विभाग हरियाणा की पहल को सराहा और बास्केट बॉल फिट युवा कैंपेन के अंतर्गत गांव धारेड़ू में रोमांचक बास्केट बॉल मैच खेला। मैच में गांव के युवाओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। मैच के अंत में विजेता टीम को ग्राम पंचायत धारेड़ू के सरपंच प्रतिनिधि बजरंग टुंडा ने 2100 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें शारीरिक रूप से फिट रहने को प्रेरित करना था। इस अवसर पर भीम स्टेडियम के बास्केट बॉल कोच सुमित कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी मुकेश, संजय और राजबीर लांबा आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्ग धावकों ने मैराथन में जीते पदक



- विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**भिवानी।** दिल्ली के राजघाट पर विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित 16वीं चैंपियन रन ट्रॉफी में भिवानी रनर ग्रुप के चार धावकों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। मैराथन विख्यात अंतरराष्ट्रीय धाविका सुनीता गोडारा द्वारा आयोजित की गई, जिसमें देशभर से 1100 धावकों ने भाग लिया। मैराथन में 50 से 55 वर्ष आयुवर्ग में भूतपूर्व सैनिक एवं वित्त विभाग से जुड़े श्रीपाल यादव ने मात्र 52 मिनट में 10 किलोमीटर की दूरी पूरी कर पदक जीता। इसी वर्ग में गांव बामला के नसीब कुमार ने बेहतरीन दौड़ जगाकर 49 मिनट में 10 किलोमीटर पूर्ण कर पदक हासिल किया। वहीं 60 वर्ष से ऊपर आयुवर्ग में रमेश श्योराण ने 55 मिनट में दौड़ पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और ट्रॉफी अपने नाम की। इसी वर्ग में पूर्व अर्थशास्त्र प्रवक्ता बालकिशन जांगड़ा ने 60 मिनट में दौड़ पूरी कर पदक जीता। भिवानी रनर ग्रुप के धावकों के बेहतर प्रदर्शन कर न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि ये संदेश भी दिया कि उम्र चाहे कोई भी हो, जज्बा, जुनून एवं मेहनत रंग लाती है।



### सिद्धांत ने एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक

**भिवानी।** लम्बी कूद के खिलाड़ी सिद्धांत यादव ने प्रयागराज में हुई नॉर्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। कांस्य पदक जीतने पर परिजनों एवं उनके कोच ने उन्हें बधाई दी है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर सिद्धांत यादव ने इसका श्रेय अपने परिजनों व कोच को दिया। इस अवसर पर भलेराम यादव, विद्या देवी, संदीप यादव, कविता यादव, सुनील, कुशाग्र, अभिमन्यु यादव, राहुल सराया, यश यादव, रोहित कौशिक सहित साथी खिलाड़ियों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई दी।

## नुपुर श्योराण ने बढ़ाया गांव का मान

- रजत पदक विजेता नुपुर श्योराण का पैतृक गांव भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

विश्व बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाली नूपुर श्योराण आज अपने पैतृक गांव उमरवास पहुंची। गांव के युवाओं ने मुख्य बस स्टैंड से बाबा डूंगरदास मंदिर तक मोटरसाइकिल काफिले और डीजे पर देशभक्ति गीतों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। गांव के धार्मिक स्थल मंदिर परिसर में ग्रामीणों द्वारा आयोजित स मान समारोह में ग्राम पंचायत, मंदिर कमेटी एवं गांववासियों ने रजत पदक विजेता नूपुर श्योराण को 11 से सम्मानित किया।



बाढड़ा। रजत पदक विजेता नुपुर श्योराण का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ग्रामीणों ने की बढ़ाया हौसला

इस अवसर पर गांव के सरपंच सूबेदार रामचंद्र उमरवास ने कहा नूपुर श्योराण ने पूरे उमरवास गांव का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। यह हमारे लिए ही नहीं, पूरे हरियाणा और भारत के लिए गौरव की बात है कि हमारी बेटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नूपुर ने यह सिद्ध किया है कि गांव की बेटियां भी अगर अवसर मिले तो हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकती हैं। पूर्व सरपंच विजय मोटू ने कहा नूपुर श्योराण की उपलब्धि से न केवल उमरवास गांव, बल्कि पूरे हरियाणा और भारत का गौरव बढ़ा है।

## खुले दरबार में फरियादियों की सुनीं शिकायतें

- ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई: डीसी
- डीसी साहिल गुप्ता ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव कुसुंभी में दरबार लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत डीसी साहिल गुप्ता ने शुक्रवार देर शाम गांव कुसुंभी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ दरबार लगाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने क्रीड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परिवार पहचान में आय की वेरिफिकेशन के लिए संबंधित व्यक्ति के घर तुरंत जाएं। इसी प्रकार से उन्होंने बिजली निगम अधिकारियों को बिजली समस्याओं का समाधान करने और ट्रांसफार्मर पर जिओ स्विच लगाने आदि अन्य समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीएम रोडवेज का निर्देश दिए कि गांव से भिवानी के लिए बस सेवा नियमित रूप से की जाए।





भिवानी। आयोजित रात्री ठहराव के दौरान लोगों की शिकायतें सुनते उपायुक्त व स्वच्छता अभियान की शुरुआत करवाते उपायुक्त।

### डीसी ने झाड़ू लगा कर दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यक्रम के दौरान डीसी गुप्ता के साथ अन्य अधिकारियों ने स्कूल परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों और युवाओं से स्कूल परिसर के साथ-साथ गांव को भी गंदगी से मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव में स्वच्छता ग्रामीण पर ही निर्भर करती है। सेवा पखवाड़े के तहत पूरे जिला भर में अनेक प्रकार की समझना गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। **खिलाड़ियों से परिचय कर बढ़ाया हौसला:** कार्यक्रम के दौरान कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डीसी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया और खेल को खेल की भावना से ही खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को अपनाना जरूरी है। खेलों से ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

### गांव खेड़ी बुरा की प्रिया लाखवान बनी न्यायधीश

- ग्रामीणों ने प्रिया लाखवान का किया स्वागत

**चरखी दादरी।** चरखी दादरी जिले के गांव खेड़ी बुरा की होनहार बेटी प्रिया लाखवान ने हिमाचल प्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की और न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति पाई है। प्रिया ने प्रदेश स्तर पर 5वां रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि जिला दादरी का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने खुशी जताते हुए कहा कि ये उपलब्धि प्रत्येक बेटी और युवा के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रिया ने अपनी लगन, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर सफलता प्राप्त कर सिद्ध कर दिया कि संकल्प दृढ़ हो तो लक्ष्य को पाना असंभव नहीं। गौरतलब है कि प्रिया ने अपनी तैयारी घर पर की और कठिन परिश्रम व अनुशासन के बल पर सफलता का परचम लहराया।



### विश्व रेबीज दिवस पर किया जागरूक

- रेबीज से बचाव का एक ही उपाय समय पर टीकाकरण

**भिवानी।** विश्व रेबीज दिवस पर छात्र साहिल वर्मा ने पुराना बस स्टैण्ड, दादरी गेट, जीतूवाला जोहड़, हनुमान गेट आदि स्थानों पर लोगों को कुत्तों से होने वाली खतरनाक बीमारी रेबीज के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि ये बीमारी कुत्ते के काटने से इंसान में फैलती है। उन्होंने कहा कि समय पर कुत्तों का टीकाकरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब कोई कुत्ता किसी भी इंसान को काट लेता है या झुरखे मार देता है तो उस जगह को अच्छे से साफ करना चाहिए। इसके बाद पोवीडोन आयोडीन इस्तेमाल करना चाहिए।

# विधायक ने सुनी जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

शनिवार को बवानी खेड़ा स्थित अपने निवास स्थान पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बवानी खेड़ा शहर व हल्के के गांवों से आए सैकड़ों लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान हल्के के लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और पेंशन से जुड़ी कई समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बात कर समाधान के निर्देश दिए। कुछ मामलों में अधिकारियों को तत्काल मौके पर भेजा गया, जिससे लोगों को त्वरित राहत मिल सकी।



बवानीखेड़ा। लोगों की समस्याएं सुनते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि।

### जनता की सेवा ही उद्देश्य

विधायक ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और कोई भी समस्या अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनसमस्याओं का समय पर समाधान नहीं हुआ, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता से सीधे संवाद करते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। खुले दरबार में विधायक की संवेदनशीलता और तत्परता को लेकर लोगों में काफी संतोष और विश्वास देखा गया।

### मार्केट न्यूज

### भिवानी वासियों के लिए खुशखबरी - एमके हॉस्पिटल बना भिवानी का पहला अस्पताल जहां जल्द उपलब्ध होगी GI 1.5 Tesla MRI मशीन

**भिवानी।** भिवानी की स्वास्थ्य सेवाओं में अब एक नई सुविधा जुड़ गई है। नवरात्रि के शुभ अवसर पर एमके हॉस्पिटल में अत्याधुनिक GE 1.5 Tesla MRI मशीन का इंस्टॉलेशन कार्य शुरू कर दिया गया है। यह पहली बार है जब भिवानी के किसी निजी अस्पताल में इतनी हाई-टेक MRI मशीन उपलब्ध हुई है। अब तक MRI जांच के लिए मरीजों को दिल्ली, रोहतक या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन इस मशीन के इंस्टॉलेशन के बाद यह सुविधा बहुत जल्द एमके हॉस्पिटल भिवानी में ही उपलब्ध होगी। इससे मरीजों को न केवल समय की बचत होगी बल्कि सटीक और विश्वसनीय जांच भी स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगी। GE 1.5 Tesla MRI मशीन की विशेषताएँ - हाई-डेफिनिशन और अल्ट्रा-सटीक इमेजिंग, तेज और भरोसेमंद जांच प्रक्रिया, मरीजों के लिए अधिक आरामदायक अनुभव, न्यूरोलॉजी, हड्डी-जोड़, कैंसर, कार्डियक और पेट संबंधी बीमारियों की सटीक पहचान की जा सकती है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**बैठक** विकास कार्यों की समय समय पर समीक्षा हो एवं कार्यों में तेजी लाएं

# गांव में किए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों से लिए जाएं सुझाव

खेड़ीबत्तर ग्राम पंचायत को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के लिए चुना: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि ग्राम पंचायत में किए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों के सुझाव अवश्य लें, ताकि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना से गांव का सर्वांगीण विकास में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर शुरू की गई प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जिला स्तरीय कमेटी के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। डॉ. नागपाल ने बताया कि जिले की खेड़ीबत्तर ग्राम पंचायत को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चुना है।



भिवानी। कमेटी के अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

### समय पर करें निर्माण

गांव में चल रहे विकास कार्यों की समय समय पर समीक्षा हो और कार्यों को तेजी से किया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास से संबंधित शिक्षा, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि, सिंचाई, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, बिजली व पेयजल आपूर्ति, पंचायती राज सहित केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही लोकहित की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास कार्यों को गति दें। अधिकारी ये भी सुनिश्चित करेंगे कि उनकी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। विभाग अपने-अपने कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दें। सभी विभाग गांव के लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाएं, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ सही व पात्र व्यक्ति को मिल सके।

### हेरोइन के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से 15 ग्राम 82 मिलीग्राम मादक पदार्थ हेरोइन को किया बरामद

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के द्वारा जिला पुलिस को जिले में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए स्टाफ -2 भिवानी ने हिसार से मादक पदार्थ चरखी लेकर जा रहे एक आरोपी को गाड़ी सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप निरीक्षक अशोक कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी भिवानी- तोशाम रोड बाईपास तोशाम मौजूद थे।